उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

# कार्य अध्ययन रिपोर्ट

## झाँसी मण्डल के अंतर्गत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के अधीन कार्यरत उद्घोषक संवर्ग के कार्य की समीक्षा

**कार्य अध्ययन सं.**– म.प्र. / उ.म.रे. / का.अ. / वाणिज्य / झाँसी / 5 / 18–19


**मार्गदर्शन एवं निर्देशन**

श्री अमिताभ ओझा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री अन्शू पाण्डेय
उप महाप्रबंधक / सामान्य

एवं

**सहयोग**

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

**सम्पादित**

अनिल कुमार पटेल
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | **अध्याय– प्रथम**<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | **अध्याय– द्वितीय**<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5 |
| 5. | **अध्याय–तृतीय**<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 6 |


''''''''

## अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | झाँसी मंण्डल के अंतर्गत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के अधीन कार्यरत उद्घोषक संवर्ग के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | ग्रुप सी |
| 3. | विभाग | वाणिज्य विभाग |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2018–19 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 23.08.2018 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 22.01.2019 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 08 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 03 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 05 |
| 10. | वित्तीय बचत | Rs. 39,73,020/-<br>(उनतालिस लाख तिहत्तर हजार बीस रू0 मात्र)। |

## आभार

कार्याध्ययन दल झाँसी मण्डल के श्री विपिन कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं श्री नीरज भटनागर, मंडल वाणिज्य प्रबंधक का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्याध्ययन दल श्री सुधीर आर्या/मुख्य आरक्षण निरीक्षक (मुख्यालय )/झाँसी मण्डल एवं श्री आर0 के0 दिवगइयन/मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक/ग्वालियर/झाँसी मंण्डल का विशेष आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

''''''

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत उद्घोषक संवर्ग का कार्य कम्पयूटराइज्ड पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा किया जा रहा है एवं तीन स्टाफ में से एक स्टाफ द्वारा उद्घोषक का कार्य किया जा रहा है । अतः कार्याध्ययन दल झाँसी मंडल के अधीन सभी 05 रिक्त उद्घोषक संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

## अध्याय–प्रथम

### प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में रेलवे कार्यों हेतु कंप्यूटर का समावेश होने से रेलवे का काफी कार्य आसान हो गया है। रेलवे स्टेशनों पर उद्घोषणा का कार्य कम्पयूटराइज्ड पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सम्पन्न किया जा रहा है । इस प्रकार इस कार्य हेतु रेलवे कर्मचारियों की आवश्यकता की संख्या पहले से बहुत कम हो गयी है। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "झाँसी मंडल के अंतर्गत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के अधीन कार्यरत उद्घोषक संवर्ग के कार्य की समीक्षा" विषय को कार्याध्ययन हेतु चुना गया है। यह कार्याध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2018–19 के लिए अनुमोदित कार्याध्ययन सूची से उद्वृत है।

वर्णित कार्याध्ययन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/झाँसी मंडल के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

# अध्याय–द्वितीय

## कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

2.1.**कर्मचारी संख्या**:–वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत उद्घोषक के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है :–

| क. सं. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उद्घोषक | 5200 - 20200 GP-2800 (लेवल–5) | 08 | 03 | 05 |
| | | **योग** | **08** | **03** | **05** |

**2.2 कार्य का विवरण**:– कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/झाँसी मंडल के अधीन झाँसी एवं ग्वालियर स्टेशनों पर तीन उद्घोषक कार्यरत हैं किन्तु केवल एक कर्मचारी द्वारा उद्घोषक का कार्य किया जा रहा है एवं शेष दो कर्मचारियों द्वारा फेस टू फेस इन्कवायरी पर कार्य किया जा रहा है। एनाउन्समेंट का सभी प्रकार का कार्य कम्पयूटराइज्ड पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा किया जा रहा है। केवल सिस्टम की खराबी के समय मैनुअल एनाउन्समेंट का प्रयोग किया जाता है।

## अध्याय–तृतीय

### वित्तीय परिणाम

3.0 इस कार्याध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रतिपद का आकलन निम्नवत् किया गया :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उद्घोषक | 5200 - 20200 GP-2800 (लेवल–5) | 05 | 66,217/- | 3,31,085/- | Rs. 39,73,020/- |
| | | | | कुल | | Rs. 39,73,020/- |
| | | | (उनतालिस लाख तिहत्तर हजार बीस रू0 मात्र )। | | | |

**3.1 संस्तुतिः–**

कार्य अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत उद्घोषक संवर्ग का कार्य कम्पयूटराइज्ड पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा किया जा रहा है। उद्घोषक संवर्ग में कुल तीन कर्मचारी कार्यरत हैं। झाँसी स्टेशन पर श्री मुन्नालाल उद्घोषक कार्यरत हैं जो कि फेस टू फेस इन्क्वायरी पर कार्य करते हैं। ग्वालियर स्टेशन पर श्री अवधेश राय तथा श्री रामेश्वर प्रसाद उद्घोषक कार्यरत हैं जिसमें श्री अवधेश राय उद्घोषक का कार्य करते हैं तथा श्री रामेश्वर प्रसाद फेस टू फेस इन्क्वायरी पर कार्य करते हैं।

उपरोक्त से यह स्पष्ट है कि तीन स्टाफ में से एक स्टाफ द्वारा उद्घोषक का कार्य किया जा रहा है शेष दो स्टाफ फेस टू फेस इन्क्वायरी पर कार्य करते हैं। अतः कार्याध्ययन दल झाँसी मंडल के अधीन सभी 05 रिक्त उद्घोषक संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

//////////////////////////////////////////-----------///////////////////////////////////